Name of News Paper: Dainik Bhaskar, Date 22-03-2024

दैनिक भास्कर

यमुनानगर भास्कर 22-03-2024

एजुकेशन प्लस

पूर्व छात्र मिलन समारोह में साझा किए अनुभव

साढौरा| डीएवी कॉलेज में वीरवार को पूर्व छात्र विभाग ने पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया। प्राचार्य प्रो. तेजवीर सिंह ने कॉलेज पहुंचे पूर्व छात्रों का स्वागत किया। पूर्व छात्रों ने अपनी खट्टी-मीठी यादों और अनुभवों को साझा किया। पूर्व छात्र अनिल संधू, शिक्षाविद सतपाल शर्मा, प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक बिलासपुर गुरुचरण सिंह, डायरेक्टर सिटी फाइनेंस यमुनानगर सुनील कुमार, रोहित मलिक, मनीष कुमार, नवीन कुमार, एडवोकेट जसविंदर सिंह, कुणाल एवं कई अन्य पूर्व छात्रों ने कॉलेज के समय के अपने अनुभव शेयर किए। समारोह में कॉलेज के पूर्व एवं वर्तमान छात्रों ने सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह का आयोजन डॉ. अनुपम खन्ना ने किया। प्रो. योगेश सिंह मोहन, प्रो. मानवी व प्रो. कामना ने मंच संचालन किया।